75वाँ होमगार्ड्स स्थापना दिवस समारोह

चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2021 को मध्य प्रदेश में होमगार्ड्स नागरिक सुरक्षा एवं आपदा, आपातकालीन मोचन बल का 75वाँ स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में होमगार्ड्स के जवानों ने गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को मार्च पास्ट कर सलामी दी तथा एसडीईआरएफ के जवानों ने आपदा बचाव कार्यों का अद्भुत प्रदर्शन किया।

प्रमुख बिंदु

- गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने होमगार्ड परेड ग्राउंड में होमगार्ड जवानों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों पर आधारित फोटो-गैलरी का शुभारंभ तथा अवलोकन किया।
- कार्यक्रम में होमगार्ड्स सैनिकों के 10वीं, 12वीं और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- गृह मंत्री ने आपदा के समय उत्कृष्ट कार्य करते हुए लोगों की जान-माल बचाने के लिये अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुमारी अंशिका कनौजिया को 10 हज़ार रुपए का चेक और प्रशस्ति-पत्र से पुरस्कृत किया।
- इस अवसर पर कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020-21 में होमगार्ड द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये 12 हज़ार 591 सैनिकों और अधिकारियों को कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित किया गया।
- गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जबलपुर में 135 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान बनाने की घोषणा की। आपदा प्रबंधन दल को आधुनिक उपकरणों से लैस करने के लिये 45 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है।
- साथ ही गृहमंत्री ने कहा कि जबलपुर के मुंगेली में 165 एकड़ परिसर में 135 करोड़ रुपए की लागत से संस्थान के निर्माण पर विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही यह मूर्त रूप लेगा और जबलपुर में होमगार्ड्स और एसडीईआरएफ के जवानों को बाढ़, आगजनी, भूकंप, रेल दुर्घटना, सड़क दुर्घटना, रासायनिक/औद्योगिक दुर्घटनाएँ इत्यादि के समय लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिये उच्च स्तरीय प्रशिक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण कर प्रशिक्षित किया जा सकेगा।
- गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि होमगार्ड के अधिकारियों के कैडर संबंधी विसंगति को शीघ्र ही दूर किया जाएगा। होमगार्ड के 400 जवान आबकारी और 248 जवान खनिज विभाग में कार्य रहे हैं। इसके अतिरिक्त 2 हज़ार 425 जवानों को राज्य आपदा आपातकालीन प्रबंधन बल में **(SDERF)** में पदस्थ करने की कार्यवाही पर विचार-विमर्श चल रहा है।
- होमगार्ड के जवानों ने आपदा के समय अद्भुत साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड के जवानों का प्रतिवर्ष कॉल ऑफ न करते हुए अब से 3 वर्ष में एक बार कॉल ऑफ किया जाएगा।
- गौरतलब है कि होमगार्ड के जवान आपदा में देश की सीमाओं पर कार्य करने वाले सेना के जवानों की तरह ही कार्य करते हैं। होमगार्ड के जवानों ने इस वर्ष में 550 रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए 9 हज़ार 827 लोगों की जिंदगियाँ बचाई हैं।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में होमगार्ड संगठन की स्थापना वर्ष 1947 में मध्य प्रदेश होमगार्ड अधिनियम 1947 के तहत हुई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/75th-home-guards-raising-day-celebrations